Source: - राजस्थान पत्रिका

Date:- 30 सितंबर 2018

Page No:- 12

तस्करी कर लाई गई 4.23 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

चेन्नई. राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) ने दुबई से तस्करी कर लाई गई 4.23 करोड़ की विदेशी सिगरेट जब्त की है। अधिकारियों ने मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीआरआइ को खबर मिली थी कि दुबई से कैल्शियम कार्बोनेट लेकर काटुपल्ली पोर्ट आ रहे कंटेनर में तस्करी का सामान आ रहा है।

डीआरआइ ने 3 कंटेनरों को जब्त कर उनकी तलाशी ली। इसमें इंडोनेशिया की 30.24 लाख ब्रांडेड सिगरेट पकड़ी गई। अंतराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 4.23 करोड़ बताई जा रही है।

Scanned by CamScanner